तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023



10 रोसेयो स्वयंसेवक शिक्षित और सशक्त ...



10 अभद्रता पर राहुल गांधी और टीएमसी सांसद का...






# रेत का अवैध परिवहन, 5 वाहन जब्त, राजस्व व पुलिस टीम सक्रिय, तस्कर सकते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अवैध रेत का परिवहन करने वालों पर कार्यवाही करने का निर्देश आने के बाद से दूसरे दिन राजस्व व पुलिस विभाग ज्यादा सक्रिय हो गया और अपने नंबर बढ़ाने को लेकर कार्यवाही करने के लिए टीमें लगातार भ्रमण कर रही है। जानकारी के तहत अभी तक पाँच ट्रैक्टर को पकड़ा गया है।

जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग ने ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 10 बीएल 9391 राकेश बिछिया बरदेभाटा, सीजी 19 बीके 6067 गोलू नाग कोदाभाट, सीजी 19 बीई 6952 रामलाल मंडावी कोदाभाट तीनों हटकुल नदी से रेत निकाल रहे थे। राजस्व विभाग की तहसीलदार और नायब तहसीलदार की टीम ने इन तीनों वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही किया है। इसके अलावा एक अनसोल्ड ट्रैक्टर धमेंद्र जैन और एक अनसोल्ड ट्रैक्टर जिसमें लाल ईट थी, उसके चालक परमेश्वर को पकड़ा गया। इन सभी वाहनों को पुलिस को सौंपा गया है। रेत सप्लाई करने वालों का कहना है कि कांकेर जिला मुख्यालय और आसपास कोई भी पंजीकृत रेत खदान नहीं होने के कारण ही अवैध रेत लाना पड़ रहा है। प्रशासन व विभाग को वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहिए। हम लोग रायल्टी पटाने के लिए तैयार है, परंतु विभाग लेने को तैयार नहीं है। वाहन मालिकों का कहना था कि रेत परिवहन करने के लिए ट्रैक्टर खरीदे थे, परंतु पंजीकृत खदान नहीं होने के कारण हम लोगों को रेत लाने में दिक्कत होती है।

## जिला मुख्यालय और आसपास कोई भी पंजीकृत रेत खदान नहीं



### गौण खनिज नियमावली के तहत होगी कार्रवाई

तहसीलदार सुरेश राय एवं नायब तहसीलदार विकास जैन ने बताया कि वाहनों के मालिकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया था कि बिना अभिवहन पास के खनिजों का परिवहन करना दण्डनीय अपराध है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय एथलेटिक्स के लिए डीगेश्वर महाराष्ट्र रवाना



**चारामा।** शासकीय हाई स्कूल गोलकुम्हड़ा के अध्यनरत छात्र डीगेश्वर नरेटी 67वी शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेल में लंबी कूद के लिए महाराष्ट्र रवाना हुआ, जिसके लिए संस्था के प्राचार्य, खेल शिक्षक व शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।

### प्रवेश परीक्षा मोटिवेशनल क्लास में 52 छात्र शामिल

**दुर्गुकोंदल।** शाउमावि कोण्डे 21 दिसंबर को सुबह 7 प्रवेश परीक्षा मोटिवेशनल क्लास का आयोजन किया गया, जिसमे संकुल केन्द्र कोण्डे, मंगहुर, चिखली के 26 विद्यालय के चिन्हांकित 52 विद्यार्थी उपस्थित रहे। बीईओ एसपी कोसरे ने कहा कि प्रशिक्षण और प्रतियोगी परिक्षाओं में सहभागीता लेते रहने के तरीके एवं गुणो को जानना आवश्यक है। प्राचार्य बाबुलाल कोमरे ने कार्यशाला में बच्चो और शिक्षको को प्रोत्साहित कर शिक्षा स्तर में सुधार, शिक्षण गुणवत्ता की आवश्यकताओ की जानकारी दिया।

### गोपाष्टमी एवं अहीर नृत्य शौर्य प्रदर्शन महोत्सव 24 को

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम कोड़े में कृष्ण शोभा यात्रा, मंगल कलश एवं यादव शौर्य प्रदर्शन राऊत नृत्य महोत्सव का कार्यक्रम 24 दिसंबर को रखा गया है। कार्यक्रम कोड़े स्कूल के पास किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सावित्री मंडावी, यादव समाज के जिलाध्यक्ष सुदामा यादव, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव, नरेंद्र यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष बबला पाढ़ी, सोपसिंह आंचला अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

### युवती ने खाया जहर उपचार पूर्व हुई मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत गावड़े खसगांव निवासी 21 वर्षीय अनिता गावड़े पिता रामदयाल गावड़े ने 21 दिसंबर को सुबह 6 बजें जहर सेवन करने से मौत हो गया। खसगांव निवासी 45 वर्षीय मानबत्ती गावड़े पति रामदयाल ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने जहर खा लिया था। ईलाज के लिए संजीवनी 108 की मदद से अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतिका द्वारा जहर खाने के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मरकाटोला में विज्ञान एवं गणित मेले का आयोजन



**धनेलीकन्हार।** विकासखण्ड कांकेर के ग्राम मरकाटोला में ग्रामवासियों और प्रथम एजूकेशन फाउंडेशन एनपीसीआई के आर्थिक सहयोग से विज्ञान एवं गणित मेला 21 दिसंबर को हुआ। बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल संख्या चक्र, जादुई हाथ, चंद्रयान 3, त्रिभुज के प्रकार, भिन्न से परिचय, हमें आपका नाम पता है, हमें आपकी उम्र पता है, आसान बायो फिल्टर, जल चक्र, मनचाही बरसात, और विभिन्न प्रकार के 25 से 30 मॉडल बच्चों के द्वारा तैयार किया गया था। बच्चों के द्वारा आनंद मेला का भी आयोजन किया गया था, जिसमें उनके द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर स्टॉल लगाया गया और सांस्कृतिक प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच गायत्री ध्रुवा, उपसरपंच नारद साहू, प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल के शिक्षक, नीतू चौहान, कामिनी साहू, हिमेश्वरी और करण उपस्थित रहें।

## फैसला : भाजपा सरकार सुशासन दिवस 25 दिसंबर को वितरित करेगा बोनस

# 1.60 लाख किसानों के अकाउंट में 1 अरब 87 करोड़ रुपए पहुंचाने की तैयारी हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पिछले लंबे अरसे से बकाया दो साल के

- किसानों को प्रति क्विंटल मिलेगा 300 रुपए का बोनस
- प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 के दाम पर खरीदी शुरू करने की पहल
- कांग्रेस सरकार ने बकाया बोनस देने की घोषणा की पर पांच साल में दी नहीं

बोनस का इंतजार कर रहे जिले के एक लाख 60 हजार 343 किसानों को 1 अरब 87 करोड़ 61 लाख रुपए का भुगतान 25 दिसंबर को होगा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन ने प्रति क्विटल 300 रुपए की दर से किसानों को यह राशि दी जाएगी, इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी है। किसानों के खातों में यह राशि सीधे भेजी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने 2014-15 तथा 2015-16 में किसानों को धान का बोनस नहीं दिया था। 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार ने किसानों को दो साल का बकाया बोनस देने की घोषणा किया था, लेकिन पांच साल तक इंतजार करने के बाद भी किसानों को जब यह राशि नहीं दी गई तो 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 25 दिसंबर 2023 को यह राशि देने की घोषणा किया था, जिसका असर भी देखने को मिला और प्रदेश में भाजपा की वापसी तय हो पाई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहली कैबिनेट में इस घोषणा को मंजूरी देते शासन को इसकी तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

निर्देश मिलने के बाद से ही हलचल भी तेज हो गई है। जिलों से किसानों और उनकी बकाया राशि का डाटा भी मंगाया जा चुका है। अविभाजित कांकेर जिले के डेढ़ लाख से ज्यादा किसानों को बोनस राशि मिलेगी।




### किसानों के चेहरे खिले

राज्य सरकार द्वारा पहली कैबिनेट में दो साल के बकाया बोगस की स्वीकृति दिए जाने से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। किसानों का कहना है कि सरकार ने अपना एक वायदा पूरा कर दिया है। सरकार ने दूसरा वायदा किसानों को अब 3100 रुपए में 21 क्विंटल धान की खरीदी का आदेश भी जारी कर दिया है। दोनो आदेश जारी हो जाने के बाद से किसानों के चेहरों में खुशी देखी जा सकती है। अनुपूरक बजट में इस राशि का प्रावधान किया गया।

### आदेश की प्रतीक्षा तैयारी शुरू

शासन स्तर से आदेश आने के बाद युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन ने इसकी प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 2014-15 तथा 2015-16 में जिन किसानों ने धान बेचा था, उनके रिकार्ड को देखा जा रहा है, वही खातों को भी अपलोड किए जाने का काम शुरू हो गया है। यदि कोई खातेदार की मृत्यु हो गई है, तो उसके स्थान पर उसके उत्तराधिकारी के खाते को अपलोड किया जा रहा है।

### इतने किसानों ने बेचा था धान

मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिला में 2014-15 में 94 हजार 845 किसनों ने 37 लाख 34 हजार 631 क्विवंटल धान बेचा था, जिसका 300 रूपएं के हिसाब से किसानों के खाता में 1 अरब 12 करोड़ राशि खाते में जाएगी। 2015-16 में 65 हजार 498 किसानों ने 25 लाख 19 हजार 77 क्विंटल धान बेचा था, जिसका 300 रूपएं के हिसाब से किसानों के खाते में 75 करोड़ 57 लाख 23 हजार रूपएं खाते में जाएगी। जिले के किसानों को दोनो साल का कुल 1 अरब 87 करोड़ 61 लाख 12 हजार 400 रूपएं किसानों के खाते में आएंगे।

# जन्मदिन की पार्टी के शोर पर विवाद और मारपीट, रिपोर्ट दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोतवाली अंतर्गत बीती रात को जन्मदिन पार्टी मनाने वालों को हल्ला करने से मना करने पर आरोपी युवकों ने हल्ला करने से मना करने वाले के साथ मारपीट कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

कोतवाली कांकेर में शिकायत करने पहुँचे राजापारा निवासी 29 वर्षीय गौरव राव पिता टी राजेश्वर राव ने पुलिस को बताया कि मैं अपने दोस्त विक्की, त्रिभुवन और पप्पू के साथ 20 दिसंबर को रात को ढाबा मे खाना खाने गया था। रात्रि करीबन साढ़े 9 बजे ढाबा मे संजय नगर,शीतलापारा, महादेव वार्ड के कुछ लड़के जन्मदिन पार्टी मना रहे थे एवं गाना गा रहे थे। मेरे द्वारा उन लड़को को हल्ला करने से मना करने पर उन लड़को में से फैजल खान, अकील खान, शदाब खान, बादशाह खान एवं अन्य गुस्से मे आकर एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मेरे साथ मारपीट करने लगे। मारपीट करने पर मेरे दोस्त विक्की, त्रिभुवन, पप्पू के द्वारा बीच बचाव किया गया, जिन्हे भी उन लोगो के द्वारा मारपीट किया गया जो अभी साथ में थाना नही आए है। आरोपी युवकों के द्वारा मारपीट किए जाने से मेरे दाहिने हाथ की उंगलियो एवं पीठ एवं चेहरे मे चोट आया है। घटना को ढाबा में मौजूद लोगो के द्वारा देखा सुना गया है।

पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दोनो पक्षों के द्वारा एक दूसरे पर दबाव बनाया जा रहा था, अंततः पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। विवेचना की रिपोर्ट मिलने के उपरांत कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका, की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



भाजपा मंडल चारामा द्वारा मंडल अध्यक्ष प्रकाश जोतवानी के नेतृत्व में 21 दिसम्बर को कोरर चौक में राहुल गांधी का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी कि गई। भाजपाईयों ने राहुल गांधी माफी मांगो के साथ घमंडीया गठबंधन होश में आओ के नारे लगाए। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने राहुल गांधी के पुतला को पुलिस प्रशासन के नजरो से बचाकर बीच चौक में आग लगाकर उग्र प्रदर्शन किया।

भाजपा कार्यकताओ ने बताया कि संसद में सांसदों द्वारा संसदीय नियमो की अवहेलना करने पर लोकसभा एवं राज्यसभा से सांसदों के पूरे सत्र से निलंबन के बाद घमंडिया गठबंधन के सांसदों जिसमे टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी एवं कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी द्वारा जिस प्रकार संसद के बाहर राज्यसभा के सभापति एवं देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ की मिमिक्री करके राहुल गांधी द्वारा जिस प्रकार विडियो बनाने का घृणित कार्य कर अपमान किया गया।

प्रदर्शन में नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन, प्रताप सलाम, मोर्चा रवि सिन्हा, ओमप्रकाश साहू, गजेंद्र नाग, देव कोसरिया, हेम मंडावी, मनोज जैन, सत्कार पटेल, संतोष सोनकर, धर्मेंद्र सोनकर, नंदकिशोर गौतम, जागेश्वर सिन्हा, अजय जगवानी, परमेश्वर यादव, उत्तम साहू, अंकित जैन, गोपाल साहू, भोजराज सोनी, रूपेश देवांगन, लोकेश नागवंशी, अविनाश श्रीवास्तव, भावेश किरी सहित भाजपा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंडी स्वास्थ्य शिविर में 662 लोगों का हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



नगर चारामा के मंडी प्रांगण में एक दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ मेला का आयोजन 21 दिसम्बर को किया गया, जिसमें नगर व आसपास से पहुँचे 662 लोगों का उपचार किया गया। शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन के आतिथ्य में हुआ।

आयुष विभाग के द्वारा आयोजित शिविर में आयुर्वेद चिकिसा के 544, होम्योपेथी के 118 मरीजों का एवं 55 लोगों जाँच के लिए पहुँचे थे। जिला आयुर्वेद आधिकारी डॉ. सुकपाल सिंह ने कहा कि आयुर्वेद का अलग ही महत्व है, इसका कोई साईड प्रभाव नहीं पड़ता है, इसलिए लोगों का विश्वास आज भी इस चिकित्सा पर बना हुआ है। योग चिकित्सक डॉ. पुष्पा धुव द्वारा व्याधिनुसार योग परामर्श दिया गया। दंत चिकित्सक डॉ. पम्मी शर्मा द्वारा 80 लोगो का दंत उपचार किया गया। शिविर में लगभग 412 लोगो को आयुष काढ़ा वितरण किया गया तथा लगभग 397 लोग को अंकुरित अनाज भी वितरण किया गया।

इस शिविर में 104 लोगो का रक्त परीक्षण एवं कुल 82 लोगो का नेत्र परीक्षण किया गया। इसके साथ ही साथ प्रत्येक गुरुवार को सभी आयुर्वेद संस्थाओं में संचालित सियान जतन क्लीनिक कार्यक्रम का भी शिविर में कुल 143 बुर्जुग महिला पुरुष का आयुर्वेद एवम होम्योपैथी चिकित्सा से उपचार कर प्रत्येक गुरुवार को आयुष संस्थाओं में जाने के लिए प्रेरित किया गया।

शिविर में वाय रोग, उदर रोग, त्वचा रोग, स्त्री रोग, मधु मेह, अर्श आदी के साथ मौशमी रोगों का आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से निःशुल्क उपचार कर रोग अनुसार योग परामर्श दिया। इस अवसर धर्मेंद्र सोनकर, धर्मेन्द्र कुंजाम, संतोष सोनकर, भोज राज सोनी उपस्थित रहें।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर पटाखे फूटे, मिठाइयां बटीं

# भाजपा का किरण देव पर विश्वास, बस्तरियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बस्तर की 12 में 8 सीटों पर भाजपा की जीत, भाजपा पर जनता का विश्वास

छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने पहली बार के विधायक किरण देव को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर जातीय समीकरण साधने की कोशिश की है। किरण देव जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। संगठन में लंबे समय से काम किया है, जिससे प्रत्येक जिले से रूबरू है। प्रदेशअध्यक्ष बनने की खबर आते ही कांकेर में भाजपाईयों ने बस स्टैंड में आतिशबाजी कर खुशी मनाया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने किरण देव का नियुक्ति पत्र जारी कर सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है। किरण देव इससे पहले भी संगठन में कई जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। वर्तमान में वे जगदलपुर से विधायक हैं। वह आदिवासी बहुल बस्तर संभाग से आते हैं और 2009 में जगदलपुर नगर निगम का चुनाव जीतकर महापौर का भी दायित्व निभा चुके है। बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता महावीर सिंह राठौर ने कहा कि किरण देव को संगठन का लंबा अनुभव है, उनके नेतृत्व में 2024 के लोकसभा चुनाव में अच्छे परिणाम आएंगे। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी 11 में 11 सीट जीतेगी।



### भाजपा ने बस्तर को दिया मौका

सरगुजा संभाग की जनता ने सरगुजा संभाग से आने वाली 14 विधानसभा भाजपा की झोली में डाला वहीं भाजपा ने उस क्षेत्र के विधायक विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बना दिया वहीं बस्तर संभाग की जनता ने 12 सीट में से 08 सीट भाजपा को दिया। भाजपा संगठन ने बस्तर संभाग से भाजपा की कमान किरण देव को सौंप दिया। भाजपा ने सरगुजा व बस्तर संभाग की जनता के विश्वास को महत्व देते हुए यह दोनो बड़े निर्णय इस क्षेत्र की जनता के विश्वास पर ही दिया।



### आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

जगदलपुर विधायक किरण देव को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की खबर आते ही कांकेर पुराना बस स्टैण्ड में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजा देवनानी, अशोक वलेचा, रवि तिवारी, सरस मेहरा, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, दिनेश रजक, राजकिशोर, गिरधर यादव, उमाशंकर जैन, कृष्ण दत्त, गिरीश मेश्राम, विनोद ठाकुर, ओमराम साहू आदि ने आतिशबाजी करते हुए मिठाई खिलाकर मुँह मीठा किया।

### अधूरे निर्माण को जल्द पूर्ण कराने दिए निर्देश

**कांकेर।** जनपद पंचायत कार्यालय अंतागढ़ के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी विरेन्द्र जायसवाल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायतों में वर्ष 2016-17 से वर्ष 2022-23 तक स्वीकृत 304 अप्रारंभ, प्रगतिरत एवं अपूर्ण आवासों की हितग्राहीवार समीक्षा किया गया।

आयोजित समीक्षा बैठक में मनरेगा, तकनीकी सहायकों, ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों को अप्रारंभ आवासों को अविलम्ब प्रारंभ कराने तथा प्रगतिरत, अपूर्ण आवासों को अविलम्ब पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही बंद पड़े आवास निर्माण के हितग्राहियों को कार्य प्रारंभ करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के लिए ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अंतागढ़ सीईओ व्हीएन तिवारी सहित ब्लॉक स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

कांकेर जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में 33 ग्रामों के 15 हजार से अधिक लोगों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिसके तहत विकास रथ द्वारा 33 ग्रामों में पहुंचकर विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी देने के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी ग्रामों में किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। इन आयोजनों में अब तक 33 ग्रामों के 15 हजार से अधिक ग्रामीणों ने भारत को 2047 तक विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इन शिविरों में 18 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया है। इन आयोजनों के साथ स्वास्थ्य जांच शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसका लाभ 3898 लोगों ने लिया इसके अतिरिक्त 1309 लोगों ने टीबी की जांच, 1163 लोगों ने सिकलसेल जांच करायी। 136 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत कनेक्शन प्रदान किया गया। ग्रामों के उत्सकृष्ट कार्यों वाले 30 महिलाओं, 171 छात्र–छात्राओं, 10 स्थानीय खिलाड़ियों एवं 68 लोक कलाकारों एवं शिल्पकारों का सम्मानित किया गया। गुरूवार को फुका गिरोला, बड़े सिलाटी, बड़े खौली, पढ्डे, जुगानी कलार एवं सिरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। सभी ग्रामीणों ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकते हुए देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने एवं नागरिक होने के कर्तव्य निर्वहन का संकल्प लिया।

## योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया

इसके तहत विभिन्न विकास मूलक योजनाओं के हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए सभी को योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। विभागीय अधिकारियों द्वारा सभी योजनाओं की पात्रता से लेकर योजनाओं के लाभों के संदर्भ में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ड्रोन तकनीक तथा नैनो उर्वरक के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ अुनविभाग तथा विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 3898 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लिया लाभ





### शुक्रवार को सिघनपुर, मालगांव, हिचका, करमरी, लंजोड़ा एवं जैतपुरी में होगा, आयोजन

शुक्रवार 22 दिसंबर को कोण्डागांव विकासखण्ड के सिघनपुर, मालगांव, फरसगांव विकासखण्ड के लंजोड़ा, जैतपुरी तथा केशकाल विकासखण्ड के हिचका और करमरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

## 18 प्रकार के पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को किया गया योजना में सामिल

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 116 अनुमोदित, सरकार को किया प्रेषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा 116 आवेदनों का अनुमोदन करते हुए राज्य स्तर पर प्रेषित किया गया। श्री सोनी ने केन्द्र सरकार की इस योजना को जिले के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए इसका लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों प्रदान करने के निर्देश दिए। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक तथा योजना के नोडल अधिकारी जेवियर टोपो ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के चयनित ट्रेड वाले पारंपरिक शिल्कारों और कारीगरों को लाभान्वित किया जायेगा। इनमें बढ़ई, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया चटाई झाड़ू बनाने वाले, पारंपरिक गड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार (पुष्प सज्जा), धोबी, दर्जी, मछली जाल बनाने वाले शामिल हैं।

**सीएससी में पंजीयन हुआ शुरूः** पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को सहायता के लिए केन्द्रीय योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीयन शुरू हो गया है। इसके लिए पारंपरिक शिल्पकार एवं कारीगर आधार कार्ड एवं लिंक मोबाईल नंबर तथा बैंक पासबुक के साथ अपने निकट के ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) में पंजीयन करा सकते हैं।

**मिलेगा प्रमाण पत्र और विश्वकर्मा परिचय पत्रः** योजना के तहत चयनित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र और विश्वकर्मा परिचय पत्र प्रदाय किया जायेगा। इन कारीगरों के पारंपरिक कौशल को निखारने के लिए पांच से सात दिन का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण तथा यंत्र एवं औजार भी उपलब्ध कराया जायेगा। इच्छुक हितग्राहियों को पहले चरण में एक लाख रुपये तक और दूसरे चरण में दो लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंकों द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। डिजीटल ट्रांजेक्शन करने पर हितग्राही को प्रति ट्रांजेक्शन 1 रुपये का फायदा होगा। बैठक में बताया गया कि इकाई स्थापना के बाद उत्पादों के डिजाइन एवं विपणन के लिए ब्राण्ड उन्नयन आदि के लिए भी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### मौजूद रहे ये

इस अवसर पर लीड बैंक ऑफिसर कृष्णा सिंकु, जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के प्रबंधक अनिरुद्ध कोचे उपस्थित थे।

# उपराष्ट्रपति के अपमान के विरोध में भाजपा और भाजयुमो ने फूंका राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान के विरोध में भाजपा तथा भाजयुमो ने गुरुवार की दोपहर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपा नेताओं ने उपराष्ट्रपति के किये गये अपमान को अक्षम्य बताया और नाराजगी व्यक्त करते हुये जोरदार नारेबाजी की। गोल बाजार चौराहे में बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता जुटे। जिला अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी ने कहा देश के प्रमुख संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति का अपमान देश का अपमान है। हार की हताशा में विपक्षी दल सीमायें पार कर रहे हैं। राहुल गांधी सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं को माफी मांगनी चाहिये। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि उपराष्ट्रपति का अपमान करके विपक्षी दलों ने अपनी कुमंशा देशवासियों के सामने उजागर कर दी है। विपक्षी नेताओं का कृत्य शर्मनाक व निंदनीय है। इस दौरान श्रीनिवास राव मद्दी, विद्याशरण तिवारी, योगेंद्र पांडे, रामाश्रय सिंह, दंतेश्वर राव, वेदप्रकाश पांडे, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, आर्येंद्र आर्य, राजेन्द्र बाजपेयी, संग्राम सिंह राणा, नरेंद्र पाणिग्रही, प्रकाश रावल, रमन चौहान, मनोज पटेल, वीरू शर्मा, सूर्यभूषण सिंह, आनंद झा, अमर झा, योगेश मिश्रा, प्रकाश झा, राजपाल कसेर, मोहम्मद अजीज, गोदावरी साहू, माहेश्वरी ठाकुर, किरण दीवान, योगेश मिश्रा, विकास पात्रों, अनिमेष चौहान, भुवनेश धुरव, मनोज ठाकुर, सुभेन्द्र भदौरिया, योगेश पानीग्राही, पवन गुप्ता, दुर्जन कश्यप, रैदू नाग, रूपेश समरथ, राजेश सेठिया समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बौद्धिक व शारीरिक विकास में खेल की अहम भूमिकाः महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



प्रधानचेर्रा में संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ में पहुंचे महेंद्र नेताम ने बच्चों को संबोधित करते कहा कि खेल भावना से इस प्रतियोगिता में भाग लें, खेल का भी हमारे जीवन में अहम भूमिका है। जिससे शरीर और दिमाग स्वस्थ रहता है। तन मन स्वस्थ रहने से स्मरण तथा सीखने की क्षमता का विकास होता है, जो विद्यार्थी जीवन के लिए जरूरी है। इस प्रतियोगिता में बच्चे अच्छा प्रदर्शन करें और आगे बढ़ें।राज्य स्तर के खिलाड़ी बनने का प्रयास करे और क्षेत्र का नाम रोशन करें। महेंद्र नेताम ने खिलाड़ी बच्चों को खेल की शपथ दिलाई और निर्णायकों से निष्पक्ष निर्णय करने कहा। समस्त शिक्षक साथियों की ओर सर्व प्रथम लोकेश गायकवाड़ ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उपस्थित अतिथियों सभी 11 संयोजक को फाइल व बैज भेंट कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। बच्चे अपने बीच जनप्रतिनिधि से शुभकामनाएं पाकर खुश नजर आए। इस खेल टूर्नामेंट में कुल 16 स्कूल, कोहकामेटा, प्रधान चेर्रा, सिदावंद, गौरगाँव, कोदोभाट पंचायत के बच्चे शामिल है। आयोजन समिति ने आसपास के लोगों से उत्साहवर्धन के लिए क्रीड़ा स्थल में आने की अपील की गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 5 बजे से रखा गया है। इस इवेंट में स्वास्थ्य विभाग की टीम भी तैनात है। उदघाटन समारोह में हेमराज गावड़े, जयसिंग मरकाम, टाकेश्वर शोरी, बुधराम मरकाम, रामसू नेताम, आशाराम गावड़े, भक्तेश्वर नाग, भुनेश्वर नाग, महेश पुजारी तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। संकुल समन्वयक शेख अजीम व शोयेब अली के कुशल मार्गदर्शन मे सभी शिक्षकों ने खेल को खिलाड़ी भावना से फील्ड मार्शल रूप धर तामो के सहयोग से सम्पन्न किया। कार्यक्रम का संचालन मनी राम कुंजाम ने किया।

## आवासों का निर्माण शासन की पहली प्राथमिकता

कोण्डागांव। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को समय–सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश कलेक्टर दीपक सोनी ने दिए। सोमवार को जिला कार्यालय के भू तल में स्थित सभा कक्ष में आवास निर्माण के प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने यह निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि आवासों का निर्माण शासन की प्राथमिकता में है तथा इसमें किसी भी प्रकार विलंब न करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही शासन द्वारा बड़ी संख्या में नए आवासों के निर्माण की स्वीकृति दी जाएगी और इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रहें। उन्होंने सामग्री की सहज उपलब्धता के लिए स्थानीय व्यवसायियों के साथ ही स्वसहायता समूह के महिलाओं को भी प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने राशि की प्राप्ति के उपरांत भी आवास निर्माण में रुचि नहीं लेने वाले हितिग्राहियों से वूसली की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

### रंगाई पुताई के साथ जिओ टैगिंग भी जरूरी

कलेक्टर ने सभी आवासों के निर्माण का कार्य रंगाई–पोताई के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लोगो के साथ पूरा करने के पश्चात इसकी जियो टैगिंग अवश्य कराने के निर्देश दिए। अब तक जिले में 7408 आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। वहीं 8586 आवासों का निर्माण प्रगतिरत है। जिन्हें जल्द पूर्ण किया जायेगा।

*कार्यशाला में पहली बार पहुंचे एनआईए के अधिकारी*

# जवानों को एनआईए, सीआरपीसी व आईपीसी अधिनियम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पुलिस हेडक्वार्टर के निर्देश पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन शौर्य भवन में किया गया था। बस्तर संभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिल्ली व रायपुर से आए विशेषज्ञों की टीम द्वारा एनआईए, सीआरपीसी व आईपीसी अधिनियम की जानकारी देते हुए साक्ष्य संकलन, तलाशी, गिरफ्तारी, जब्ती व अभियोग पत्र कैसे तैयार करें बताया गया। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 19 से 21 दिसम्बर तक नक्सल हिंसा एवं नक्सल गतिविधि सम्बन्धित प्रकरणो की विवेचना में क्षमता विस्तार के लिए तीन दिवसीय रेंज स्तरीय प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन शौर्य भवन स्थित पुलिस ऑडिटोरियम में रेंज पुलिस व राष्ट्रीय अन्वेंषण अभिकरण के प्रशिक्षकों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बस्तर आईजी सुंदरराज पी, एसएसपी जितेन्द्र सिंह मीणा व डीआईजी एनआईए कुलदीप सिंह की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रायपुर एवं दिल्ली से आये हुए विशेषज्ञों द्वारा जवानों व अधिकारियों का अलग अलग विषयों पर व्याख्यान देकर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला में अपराध की पंजीकरण से लेकर साक्ष्य संकलन, तलाशी, गिरफ्तारी, जप्ती, अभियोग पत्र तैयार किये जाने में अपनाये जाने वाली उचित प्रक्रियाओं के संबंध में केस स्टडी के माध्यम से जानकारी दिया गया।एनआईए. अधिनियम, विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (रोकथाम) अधिनियम, सीआरपीसी/आईपीसी, आयुध अधिनियम व विधिक प्रावधान की जानकारी दी गई। केस स्टडी के माध्यम से आतंकी, नक्सली घटनाओं के अन्वेषण में सायबर फारेंसिक का महत्व एवं मोबाईल फारेंसिंक, सीडीआर व आईपीडीआर विश्लेषण की तकनीकि जानकारी एवं इसमें उपयोग किये जाने वाले महत्वपूर्ण साफ्टवेयर/एप (टूल्स) के बारे में बताया गया। उक्त कार्यशाला में एनआईए के प्रशिक्षक के रुप में उप पुलिस अधीक्षक डी श्रीनिवास राव, वरिष्ठ लोक अभियोजक इस्माईल रजक शेख, निरीक्षक जितेंद्र कुमार ओझा के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। कार्यशाला का समापन गुरूवार को आईजी सुन्दरराज पी, एसएसपी जितेन्द्र सिंह मीणा, पुलिस अधीक्षक (एनआईए) संदीप माहूर्ले की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

### 90 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए

प्रशिक्षण व कार्यशाला में बस्तर रेंज के सभी जिलों के एएसपी से लेकर प्रधान आरक्षक स्तर के अधिकारी समेत 90 अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई माओवादियों एवं उनकी हिंसात्मक विचारधाराओं के समर्थकों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही करने प्रकरणो की विवेचना की स्तर में गुणवत्ता में सुधार ले आने की अति आवश्यकता है। बस्तर रेंज में विगत 3 दिनों से आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से विवेचना अधिकारीयों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

# बस्तर ब्लॉक के कोलचूर में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- कृषि कार्य हेतु कम समय एवं लागत में घुलनशील रसायन एवं कीटनाशकों का भी कर सकते हैं

जिले के बस्तर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोलचूर में ड्रोन के माध्यम नैनो यूरिया का छिड़काव किसानों की उपस्थिति में किया जा रहा है। किसानों को नयी तकनीक की जानकारी दी जा रही है। किसान प्रदर्शनी को देखने उत्साहित नजर आ रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव खेतों में किया जा रहा है। साथ ही किसानों के खेतों में कृषि विभाग और भारत सरकार की कंपनी एनएफएल के संयुक्त तत्वावधान में डेमोस्ट्रेशन किया जा रहा है।

इस मौके पर किसानों को अवगत कराया गया कि ड्रोन से बेहतर दक्षता के साथ भूमि के बड़े रकबा में जल्दी और कुशलता से नैनो यूरिया का छिड़काव किया जा सकता है। इसका सार्थक लाभ यह होता है कि किसानों को कम लागत लगेगी और खेतों में फसल की पैदावार बेहतर होगी। इसके साथ ही फसल स्वास्थ्य पर डेटा इकट्ठा करने के लिए ड्रोन का उपयोग किया जा सकता है। जिससे किसानों को उन क्षेत्रों की पहचान करने की अनुमति मिलती है, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसानों को कम लागत का भी लाभ मिलता है। ड्रोन खेत के उन क्षेत्रों को पहचान करके लागत कम करने में मदद कर सकते हैं, जिन पर ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत है। किसानों को खेत में छिड़काव करने के लिए अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही कीटनाशकों और अन्य रसायनों का उपयोग को कम करना है। ड्रोन के उपयोग का लाभ कृषि कार्य के लिए घुलनशील रसायन एवं कीटनाशकों का छिड़काव हेतु किसानों को किराया मात्र 300 रुपए प्रति एकड़ वहन करना पड़ेगा। कृषि कार्य हेतु ड्रोन से छिड़काव की अवधि 3 से 7 मिनट प्रति एकड़ उपयोग किया जा सकता है। आवश्यकतानुसार कृषि कार्य हेतु ड्रोन को जीपीएस के माध्यम से सही जगह एवं दिशा में रखा जा सकता है, जिससे निर्धारित क्षेत्र में स्प्रे किया जा सकता है। कोलचूर में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव के दौरान संयुक्त संचालक कृषि ध्रुव और कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी मौजूद थे।

## सुशासन स्थापित करने का लिया जाएगा संकल्प

# सुशासन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ में सुशासन दिवस के रूप में मनाई जायेगी। प्रदेश के सभी जिलों और ग्राम पंचायतों में तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में निर्देश दिये हैं, राज्य शासन द्वारा 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के पूर्व ग्राम पंचायतों में निर्मित अटल स्तम्भ की साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये हैं। सुशासन दिवस के दिन निर्वाचित जन प्रतिनिधि और आम नागरिक गांवों और ग्राम पंचायतों में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लेंगे । कार्यक्रम के संयोजक तरुण साना ने बताया कि विधानसभा बैठक लेकर आगामी दिनों अटल बिहारी वाजपेई जी के जयंती पर समस्त विधानसभा क्षेत्र में सांसद दिवस के रूप में मन अनेक गतिविधियों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। इस बीच कार्यकर्ताओं को बताया कि सुशासन दिवस के दिन नगर व गांव में सफाई अभियान चलाया जाए। इसके साथ ही अस्पतालों में जाकर फल वितरण, अनेक कार्यक्रमों को करवाया जाए, इसके साथ ही 22 जनवरी को श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। जिसके चलते प्रत्येक घरों में रंगोली सजाने व दीपक जलाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ता गांव गांव पहुंचे। उन्हें आमंत्रित करें, आने वाले फरवरी माह में प्रत्येक गांव से भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्री राम मंदिर दर्शन के लिए अयोध्या जाने हेतु भी गांव गांव में घर-घर पहुंच आमंत्रण दिया जाएगा। 25 दिसम्बर को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जन प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रातः 10 बजे अटल चौक से सुशासन दिवस का शुभारम्भ किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर अटल चौक पर स्वर्गीय वाजपेई के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित करने के बाद उपस्थित निर्वाचित प्रतिनिधि एवं आम जनता गांव एवं ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लेंगे।

## विश्वविद्यालय संबंधित समस्याओं पर एसडीएम को ज्ञापन

जगदलपुर। बस्तर ब्लाक सर्व आदिवासी समाज ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम बस्तर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि विश्वविद्यालय किसी भी देश और समाज की बुनियाद होते हैं। विश्वविद्यालयों को किसी भी एक विचारधारा, सरकार, जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र का न होकर सभी का होना होता है। भारत के संविधान की प्रस्तावना के मूल न्याय, समता, बंधुता के मूल्यों पर ही उच्च शिक्षा का वजूद होना चाहिए। मगर मौजूदा दौर में उच्च शिक्षा के केंद्र इन विश्वविद्यालयों पर कई तरह के खतरे आन पड़े हैं। नागरिकों का इन खतरों की तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुए 6 बिंदुओं का मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के युवा प्रभाग अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप, सचिव ओमेश्वर कश्यप, सामान्य प्रभाग उपाध्यक्ष गोवर्धन बघेल, कमलेश कश्यप, बंसी मौर्य, दामु कश्यप मौजूद थे।

## गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव आज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव योजना नियम वर्ष 2005 अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पारंपरिक लोककला यथा लोकगीत, लोकगायन, लोकनृत्य (जैसे पंथी नृत्य पंडवानी, भरथरी परंपरागत लोक वाद्य) आदि में लोक कलाकारों के प्रतिभा की पहचान करना तथा कलाकारों की प्रतिभा को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित एवं विकास करने के उद्देश्य से संचालित है। उक्त संबंध में जिला स्तरीय प्रतियोगिता 22 दिसंबर को समय प्रातः 10 बजे से बादल संस्था आसना, जगदलपुर में किया जाएगा। जो भी समूह अथवा कलाकार इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, वे अपना पंजीयन 21 दिसंबर तक संबंधित विकासखण्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत अथवा कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास में करवाकर प्रतियोगिता में सम्मिलित हो सकते हैं।

## एबीईओ ने बस्तर ब्लॉक के दर्जन भर शालाओं का किया निरीक्षण

# शालाओं में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति हो

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर**



सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील तिवारी ने आज बस्तर के दूरस्थ अंचल स्थित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक व हाईस्कूलों का गहन निरीक्षण किया गया। अपने भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम संकुल दुबेउमर गांव की प्राथमिक माध्यमिक शाला, हाईस्कूल, संकुल खोरखोसा की प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला व हायरसेकंडरी स्कूल, संकुल पिपलावण्ड की प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं व संकुल इच्छापुर की प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल व हायरसेकंडरी स्कूलों के लगभग दर्जन भर शालाओं का गहन निरीक्षण किया।

अधिकारी अपने निरीक्षण के दौरान सभी शालाओं में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, अध्यापक दैनंदिनी का नियमित संधारण करना, बच्चों की छात्रवृत्ति योजना का शत-प्रतिशत पंजीयन करना, पात्र छात्रों की जाति प्रमाण पत्र की शाला स्तर पर की जाने वाली अग्रिम कार्यवाही की पूर्णता करना, छात्रों का स्काउट, गाइड हेतु पंजीयन करना जैसी गम्भीर विषयों के बारे में सतत कार्य करने सभी प्रभारियों को निर्देशित किया। अपने निरीक्षण के दौरान कई शालाओं में बच्चों द्वारा निर्मित वाटिका का भी अवलोकन कर उसे सराहा। अधिकारी द्वारा हाईस्कूल इच्छापुर व खोरखोसा में चल रही अर्धवार्षिक परीक्षा का भी अवलोकन किया, व्यवस्था सन्तोषप्रद पाया गया। दुबेउमर गांव हाईस्कूल में भृत्यों की नियमित उपस्थिति नही मिली। उस संस्था के प्रभारी द्वारा शाला खोलने से लेकर बंद करने का काम भी किया जाता है, फिर भृत्य रहने का क्या फायदा। अधिकारी ने भृत्यों की लापरवाही को काफी गम्भीरता से लिया व अनुपस्थित अवधि का वेतन रोकने की कार्यवाही किये जाने की बात कही। भृत्यों में पुष्पेंद्र व अरुण दोनों शाला में नियमित नही रहते है, आज भी अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने कहा कि सभी शालाओं को अपने भवन की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

अधिकारी के निरीक्षण के दौरान अधिकतर शालाएं विधिवत संचालित पाई गई। अधिकारी ने माध्यमिक शाला खोरखोसा व माध्यमिक शाला दुबेउमर गांव की शालाओं का सतत निरीक्षण करते हुए शाला में आवश्यक शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए गए। बच्चों से पूछे गए सवालों का हाजिर जवाब सुनकर प्रतिभावान छात्रों को अधिकारी द्वारा पुरस्कृत कर प्रोत्साहित भी किया गया। उन्होंने यहां स्थित पुस्तकालय व प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया जिसकी सराहना की गई। अधिकारी द्वारा इसी प्रकार नियमित निरीक्षण करने की बात कही। उन्होंने बताया कि मध्यान्ह भोजन योजना में किसी-किसी शाला में तो गुणवत्ता युक्त भोजन दिया जा रहा है, किंतु अभी भी कुछ शालाओं में स्वसहायता समूह द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। जिसके कारण उक्त शाला के बच्चों को गुणवत्ता युक्त आवश्यक पोषक तत्व नही दिया जाना पाया गया है। स्थिति सुधारने अधिकारी द्वारा मौके पर ही हिदायत दी गई।

अधिकारी द्वारा कई शालाओं में बच्चों की विज्ञान व अंग्रेजी से सम्बंधित विषयों की क्लास भी ली गई। अधिकारी को अपने बीच पाकर बच्चे काफी प्रभावित थे। उन्होंने बताया कि उनका सतत निरीक्षण इसी प्रकार जारी रहेगा। उन्होंने आगाह किया कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी।

## आयुष्मान कार्ड योजना हितग्राहियों के लिए बनी संजीवनी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

सुशासन के नये दौर के प्रतीक के रूप में विकसित भारत संकल्प यात्रा को ग्रामीणों का उत्साहजनक प्रतिसाद मिल रहा है। रोस्टर अनुसार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में चलित वैन पहुंच रही है। जहां आयोजित शिविरों में सभी विभागों द्वारा लगाये गए स्टॉलों में विभागीय योजनाओं से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को देने के साथ-साथ योजना से लाभान्वित होने की प्रक्रिया के बारे में उन्हें अवगत कराया जा रहा है। मौके पर ग्रामीण जन भी उत्साह के साथ अपना पंजीयन कराकर योजनाओं से लाभ ले रहे है।

इस क्रम में आज कटेकल्याण ब्लॉक के मेटापाल-1 और 2 तथा कुआकोण्डा ब्लॉक के गोंगपाल और हितावर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का चलित वाहन पहुंचा। आयोजित शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। मौके पर ग्रामीणों से विकसित भारत संकल्प का शपथ भी दिलाया गया। इस दौरान ग्राम मेटापाल में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को फोकस करते हुए अन्य विभागों के समान स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरित किये गए। इसके हितग्राही सुखनाथ मरकाम ने बताया कि वह दो साल पहले ही आयुष्मान कार्डधारी है और इसी कार्ड के वजह से उसने अपने परिजनों का निःशुल्क उपचार कराया है। प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उसने इस योजना को जरूरतमंद मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। मेटापाल-2 में भी आयुष्मान कार्डधारी मैतूराम यादव ने भी अपना अनुभव को साझा करते हुए इसकी उपयोगिता के संबंध में कहा कि एक वर्ष पूर्व दुपहिया वाहन दुर्घटना में उसके पांव अस्थिभंग हो गया था, परन्तु आयुष्मान कार्ड की बदौलत उसका इलाज एमपीएम हॉस्पीटल जगदलपुर में निःशुल्क हो पाया। इसी प्रकार मेटापाल निवासी महिला बुधरी बाई ने भी तबियत खराब होने पर आयुष्मान कार्ड से ही अपना उपचार करवाया। सुखनाथ, बुधरीबाई और मैतूराम की तरह आज हजारों हितग्राहियों ने आयुष्मान कार्ड के चलते अपना निःशुल्क उपचार करा स्वस्थ होकर नवजीवन प्राप्त कर चुके है।

## भय से मिली मुक्ति : रमेश



**बीजापुर।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत दुगोली में आजकिया गया। जिसमें मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायत मिडते निवासी रमेश तेलम ने अपनी कहानी बताते हुए कहा कि कच्चे मकान में बरसात के दिनों में पानी टपकता था। कभी भी कच्ची दीवार गिर जाने का डर लगा रहता था। मेरे पिता के नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ, जिसे मैं और मेरा परिवार मिलकर समय सीमा पर पूर्ण कर लिए, जिसकी मुझे मजदूरी भी मिली। पीएम योजना के तहत पक्का आवास मिलने से मुझे व मेरे परिवार को भय से मुक्ति मिल गई है।

## मिलेट अनाजों पर ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्नोतरी स्पर्धा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**



मिलेट अनाजों में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायी होते है और छात्र-छात्राओं में मिलेट अनाजों के प्रति जागरूकता फैल सके इसलिए वेटनरी पॉलिटेक्निक में अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अंतर्गत मिलेट अनाजों पर ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्नोतरी प्रतियोगता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और उन्होंने मिलेट अनाज संबंधित अपने ज्ञान पर बहुविकल्पीय प्रश्नोतरी को पूर्ण किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ नितेश कुम्भकार, डॉ राजेश सुधाकर वाकचौरे सहायक प्राध्यापक ने ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्नोतरी के रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगता में प्रथम विजेता द्वितीय वर्ष छात्र प्रशांत पैकरा, द्वितीय विजेता द्वितीय वर्ष छात्रा अनुराधा बघेल एवं तृतीय विजेता प्रथम वर्ष छात्र अमित सोनी रहे।

## पेंशनरों के हित में धारा 49(6) को विलोपित करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**



कांकेर में पेंशनर्स डे में जगदलपुर, कोंडागांव एवं नारायणपुर जिलों के पेंशनर्स बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र नामदेव ने आर्टिकल 49 (6) किस तरह पेंशनरों को महंगाई राहत देने के मामले में बाधक है और इसे विलोपित करने के लिए सरकार को क्या करना होगा इस पर विस्तृत जानकारी दी। संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने पेंशनरों को सम्मान जनक पेंशन दिलाने के लिए डी एस नकारा ने किस तरह संघर्ष किया और कानूनी लड़ाई में जीत हासिल की इस पर रोशनी डाली। इस अवसर पर उपस्थित पेंशनरों ने एक सुर में नई सरकार से लंबित 4 प्रतिशत महंगाई राहत देने एवं पेंशनरों के हित में धारा 49(6) को विलोपित करने की मांग की। सभा को कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जेपी मिश्रा, कांकेर के अध्यक्ष ओपी भट्ट, पीआर गोलछा, ओम द्विवेदी, एसडी मानिकपुरी तथा डी रामन्ना राव ने भी संबोधित किया। संचालन शिव सिंह भदौरिया ने किया। इस दौरान राम गोपाल बोहरे, अनिल गोल्हानी, एलएस नाग, पीतांबर सिंह ठाकुर, हेमन्त टांकसाले, विनय भूषण पांडे, एसपी सिंह ठाकुर, दिनेश सिंघल, सुरेश कुमार घाटौडे, परिमल दास, लोकचंद जैन, शंभूनाथ देहारी, दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, सरोज साहू एवं जयमनी ठाकुर शामिल थे।

## भाजयुमो की बैठक में शामिल हुए युवा नेता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार**



प्रदेश भाजपा कार्यालय युवा मोर्चा की मंडल सशक्तिकरण की बैठक में दंतेवाड़ा से युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुणाल ठाकुर, महामंत्री राघवेंद्र गौतम, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमित भदौरिया, लक्ष्मी यादव, अरविंद कुंजाम सहित युवा मोर्चा की टीम ने शिरकत की। कार्यक्रम में 11 की 11 लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युवा मोर्चा के हाथ सौंपा है। युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ इसके लिए कृत संकल्पित है, पीएम मोदी के झोली में 11 के 11 कमल संसद में पहुंचेंगे। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद युवा मोर्चा के कार्य करने की भूमिका भी अब बदल चुकी है। अब युवा मोर्चा प्रदेश में रचनात्मक रोजगार मूलक नवाचार के नए-नए प्रयोग करने के लिए मैदान में उतर चुका है। प्रदेश में भाजपा की मोदी की गारंटी वाली सरकार विराजमान हो चुकी है और मोदी की सभी गारंटी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पूरी करेंगे। उन्होंने युवा मोर्चा को आश्वस्त किया है कि हमारे गारंटी के एक-एक वादे युवा मोर्चा के साथ मिलकर इन 5 सालों में यह सरकार पूर्ण करेंगी। 3100 रुपया धान की कीमत और 21 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी चालू होने का आदेश जारी हो चुका है। 18 लाख मकान के लिए पहले ही कैबिनेट में आदेश पारित कर दिया गया है। अब छत्तीसगढ़ को फिर से छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया छत्तीसगढ़ नंबर वन के ब्रांड के साथ देश में नई पहचान दिलाने के लिए यह सरकार कार्य कर रही है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा ने प्रचंड बहुमत के लिए युवा के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। युवा मोर्चा की मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ने में छत्तीसगढ़ की जनता को नई आवाज युवा मोर्चा के रूप में मिली। जिसके कारण भूपेश बघेल की भ्रष्ट सरकार इस प्रदेश में 5 साल से ज्यादा नहीं टिक पाई, तो इसका सबसे ज्यादा श्रेय युवा मोर्चा को जाता है। ऐसा कहकर उन्होंने युवा मोर्चा की हौसला अफजाई की और साथ ही कहा कि अब छत्तीसगढ़ को समृद्ध और खुशहाल बनाने का समय आ चुका है। जिसमें हम दिन-रात एक करके पुनः छत्तीसगढ़ को खुशहाल और समृद्ध बनाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी मंडल सशक्तिकरण में अपने मंडल को और अधिक मजबूत बनाने के लिए युवा मोर्चा को सतत प्रयास करने को कहा। लोकसभा चुनाव युवा मोर्चा के कंधे पर एक बड़ी जवाबदारी है, जिसको युवा मोर्चा सफलतापूर्वक निर्वहन करेगी, उन्होंने ऐसी उम्मीद व्यक्त की है।

## लर्निंग लाइसेंस शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

जिला कार्यालय परिवहन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के निवासियों हेतु जनपद पंचायत गीदम परिसर में 22 दिसम्बर को अस्थायी (लर्निंग) लाइसेंस शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक किया जा रहा है। उपरोक्त तिथि को शिक्षार्थी अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति परिवहन सुविधा द्वारा बनाया जाएगा।

# पुलिस ने थाना क्षेत्रों में लगाए अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

- नक्सलियों के सप्लाई नेटवर्क को तोड़ने निगरानी रखने की कवायद

नक्सलियों के सप्लाई नेटवर्क को तोड़ने एवं स्माल एक्शन टीम पर कड़ी निगरानी के मद्देनजर बड़े शहरों के तर्ज पर दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए।

जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने से नक्सलियों के सप्लाई नेटवर्क को पूर्ण रूप से तोड़ने एवं स्माल एक्शन टीम और आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, अन्वेषण एवं सुरक्षा, सर्विलांस को लेकर जिले के विशेष स्थानों का आंकलन एवं चयन कर आधुनिक पुलिसिंग एवं स्मार्ट पुलिसिंग के तर्ज पर सार्वजनिक स्थल एवं संदिग्ध व्यक्तियों के निगरानी हेतु आने-जाने वाले मार्गों में आधुनिक सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। यह कैमरे आने जाने वाले वाहनों के नंबर प्लेट को कैप्चर करने में सक्षम है, जो पुलिस को आगे की विवेचना कार्यों में विशेषतौर पर सहायता करेंगे। इन कैमरों को दन्तेवाड़ा शहर के साथ-साथ गीदम, बचेली, किरन्दुल, कुआकोण्डा, बारसूर, कटेकल्याण, अरनपुर एवं अन्य थाना क्षेत्रों में लगाया गया हैं। इन क्षेत्रों में इस प्रकार की अत्याधुनिक कैमरों के लगने से पुलिस निरंतर नक्सल गतिविधियों के साथ-साथ आने-जाने वाले राहगीरों व सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं पर भी सतत निगरानी कर सकेगी। इसके अतिरिक्त हिरोली, पोटाली, बोदली, कमारगुड़ा व अन्य अन्दरूनी सुरक्षा बलों के कैम्पों एवं रेल्वे स्टेशन में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 2 चरणों में जिला पुलिस के द्वारा प्रमुख स्थानों का चयन कर कुल 512 कैमरों के साथ-साथ नियंत्रण कक्ष की स्थापना संबंधित थाना में किया गया है।



पुलिस थानों और केन्द्रीय सुरक्षा बलों के आवास एवं अन्य आधारभूत संरचना के विकास पर यह राशि खर्च की जा रही है। इस के साथ ही अन्य अपराधों के निकाल, विवेचना एवं पता साजी करने में इसकी मदद ली जा रही है।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन
पर्सनल लोन
होम लोन
कार लोन
मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

# मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुए अविनाश



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव को रायपुर के भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो रवि भगत की उपस्थिति में सम्मान किया गया। पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के जीत पर अविनाश को शुभकामनाएं देते कहा कि इस जीत में भारतीय जनता युवा मोर्चा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम और निष्ठा पूर्वक कार्य करने व छत्तीसगढ़ की जनता के आर्शिवाद व समर्थन से भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में जनता को सेवा करने हेतु सत्ता में आई है। यह सम्मान उन सभी कार्यकर्ताओं और जनता को समर्पित है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव सेमी फाइनल के तरह था अब आगामी लोकसभा चुनाव फाइनल मैच की तरह होगा जिसमे पुनः केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को जीताने के लिए युवा मोर्चा ने कमर कस ली है।

## यात्री बसों में फर्स्ट एड किट एवं आग बुझाने वाला यंत्र नहीं

**बीजापुर।** सिविल जज ताजुद्दीन आसिफ के निर्देशन में बीजापुर आने-जाने वाले सभी बसों का सघन जांच किया गया एवं आग बुझाने वाला यंत्र एवं फर्स्ट एड किट की उपलब्धता जांच किया गया। इस दौरान परिवहन विभाग व यातायात पुलिस विभाग बीजापुर एवं परिवहन उड़नदस्ता जगदलपुर की टीम द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर 16 से 18 दिसंबर तक यात्री बसों की सघन जांच कर कमी पाए जाने वाले वाहनों पर मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत चालानी कार्रवाई की गई तथा सभी बस मालिकों को 3 दिवस के भीतर नियमानुसार कमी दूर करते हुए आग बुझाने वाला यंत्र और फर्स्ट एड किट रखने के निर्देश दिए गए। चालानी कार्रवाई के तहत 18 यात्री बसों से चालान वसूला गया।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### अभद्र टिप्पणी पर राहुल गांधी का पुतला फूंका

**कोरर।** कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी व अन्य विपक्षी सांसदों द्वारा देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ पर अभद्र टिप्पणी व अपमान के खिलाफ गुरुवार को दोपहर भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के कार्यकर्ताओं के द्वारा राहुल गांधी मुरादाबाद के नारे लगाते हुये राहुल गांधी का पुतला फूंका। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लाटिया, मंडल प्रभारी व जिला मंत्री अनूप सिंह राठौड़, मंडल महामंत्री जय शिवाना धीरज मिश्रा मंडल, कोषाध्यक्ष छबिलाल साहू, बलवंत सिंह ठाकुर, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप, चंदू शुक्ला, मनीष चौहान, रामरतन ठाकुर, ईश्वर साहू, नवीन जैन,यशवंत यदु,नंदन परिहार, नितिन जैन, योगेन्द्र यदु, एवं भारतीय जनता पार्टी कोरर मंडल के समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम मचांदुर के नाका पास 20 दिसंबर कि रात साढ़े 8 बजें सड़क दुर्घटना में महासमुंद जिला के टिकरापारा पिथौरा निवासी 20 वर्षीय चंद्र कुमार सेन पिता विजय का मौत हो गया। पिथौरा निवासी 27 वर्षीय सचिन पिता सुरेश ने पुलिस को बताया कि मृतक चंद्र कुमार सेन एवं सन्नी के साथ मोटर सायकल से घुमने के लिए आए थे, वापिस जाते समय विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे चंद्र कुमार सेन को गंभीर चोट आया व उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### विदाई समारोह में नए शिक्षकों का स्वागत



**चारामा।** शाउमावि पंडरीपानी में संकुल स्तरीय विदाई समारोह एवं नवनियुक्त शिक्षकों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत शिक्षक तोषण राम सिन्हा ने शासकीय सेवा को विस्तार से बताया। नव नियुक्त शिक्षकों में प्राथमिक शाला पंडरीपानी में पदस्थ सहायक शिक्षक आशीष गुप्ता, प्राथमिक शाला करिहा में पदस्थ निहारिका शर्मा, नवीन प्राथमिक शाला करिहा में पदस्थ अभिषेक शर्मा एवं प्राथमिक शाला तुएगहन में पदस्थ हिमांशु दुबे का स्वागत किया गया। नव नियुक्त सभी शिक्षकों ने अपने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ अपने अनुभव बांटे एवं मिलकर कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक संकुल के समस्त शिक्षक भेंट देकर सेवानिवृत शिक्षक का सम्मान किया।

# रोसेयो स्वयंसेवक शिक्षित और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में जुटें

## कम्हार कालेज की एनएनएस इकाई का सात दिवसीय शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर कार्यक्रम समंवयक डॉ. डीएल पटेल, संस्था के प्रमुख डीएल बढ़ाई के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर के पांचवे दिवस में ललित नरेटी छत्तीसगढ़ शासन योजना आयोग वर्किंग ग्रुप सदस्य शामिल हुए। स्वयं सेवकों से अपील करते हुए कहा कि हम सब मिल कर शिक्षा को जन आंदोलन बनाए ताकि हमारा राष्ट्र शिक्षित और सशक्त हो सके।

नशा उन्मूलन के लिए युवा थीम पर आयोजित इस शिविर में ललित नरेटी ने स्वयं सेवकों ने कहा कि यह शिविर हमें एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जिसके माध्यम से मानव अपना सर्वांगीण विकास कर सकता है। हर व्यक्ति में अलग-अलग हुनर होता है, जिसे पहचानने की आवश्यकता होती है। हुनर को पहचानकर तराशने का माध्यम यह शिविर है, जिसमें युवाओं व छात्रों में देश के प्रति प्रेम व समाज के विकास के लिए नयी चेतना जागृत होता है। शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की अपने गांव, अपनी मिट्टी का कर्ज उतारने प्रत्येक युवा अपने गांव के बच्चों को प्रतिदिन एक घंटा पढ़ायें ताकि उन बच्चों में शिक्षा के प्रति ललक पैदा हो और अच्छा पढ़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। नाग जिला संगठक रितेश कुमार ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने व अपने व्यक्तित्व का विकास के लिए एनएसएस एक अच्छा माध्यम है।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान पूजा टांडिया, स्थान दीपिका पटेल, सिलेश्वरी गावड़े, जीआर मंडावी, केएल मंडावी, डीएस कांगे, दिलीप कुमार ताम्रकार, नीलम नाग, सत्यवंती, सुमित्रा मंडावी, शिवनाथ जैन, शिवागनी दर्रो एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## विरोध : उपराष्ट्रपति पर टिप्पणी का भाजपा ने किया विरोध

# अभद्रता पर राहुल गांधी और टीएमसी सांसद का भाजपा ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी कांकेर शहर मण्डल द्वारा सांसद एवं कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी व टीएमसी सांसद का पुतला दहन किया गया।

संसद से निलंबित विपक्षी सांसद संसद भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे, उन्ही में से टीएमसी के एक सांसद कल्याण बेनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड की भददे व गंदे तरीके से नकल उतारी। सांसद व कांग्रेस के नेता राहुल गांधी इस दौरान वीडियो बनाते रहे और उपराष्ट्रपति के अपमान में शामिल रहे। राहुल गांधी के इस कृत्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने जिला मुख्यालय में राहुल गांधी व टीएमसी सांसद का पुतला दहन किया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह ने कहा कि कांग्रेस के सांसद राहुल गाँधी के बयानों को अब बच्चे भी माखौल उड़ाने लगे है। उनको यह समझ नहीं है कि किसके बारे में क्या बोलना चाहिए, क्या नहीं बोलना चाहिए। टीएमसी सांसद का कृत्य निंदनीय है। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत मटियारा, राजीव लोचन सिंह, मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी, देवेन्द्र भाउ, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, भूपेन्द्र नाग, संजय सिन्हा, अरूण कौशिक, टेकेश्वर जैन, नीलू तिवारी, गिरधर यादव, विजय लक्ष्मी कौशिक, निधि संचेती, मीरा सलाम, विजय लखवानी, डॉ. देवेन्द्र साहू, विरेन्द्र श्रीवास्तव, सरस मेहरा, अंशु शुक्ला, शशांक सलाम, घनेन्द्र ठाकुर, धर्मेन्द्र ठाकुर, संजू सोनी, पीयुष वलेचा, दीपांशु जैन, सरिता यादव, व अन्य भाजपाई उपस्थित रहे ।





### धनेलीकन्हार मंडल ने राहुल गांधी का किया पुतला दहन

धनेलीकन्हार। भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार के द्वारा कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी व अन्य विपक्षी सांसदों द्वारा देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ के अपमान के खिलाफ धनेलीकन्हार के बंस स्टैड में 21 दिसंबर को पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के दौरान मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक, महामंत्री लोकेश्वर सेन, जगदीश जयते, अकीत टावरी, चतुर साहू, भैया लाल जैन, राजेश्वरी जैन, सुनीता साहू, सष्मिता सार्वा, जमुना मानिकपुरी, खेमलाल साहू, कृष्णा साहू, संजू जैन, हिरामन चुरगिंया, तोखराज बारला व अन्य भाजपाई उपस्थित रहें।

# कन्या महाविद्यालय में भाषा के महत्व पर हुआ व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर में अंग्रेजी भाषा के महत्व पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में युएस एजुकेशनल सर्विस सेंटर से उत्तम साहू एवं पवन राव रहे।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. जेके बारले की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। अतिथियों के स्वागत पश्चात मुख्य वक्ता पवन राव ने कहा कि अंग्रेजी भाषा वैश्विक भाषा है और आज के दौर में संचार का बहुत महत्वपूर्ण साधन बन गया है। छात्राओं को कांफिडेंटलीय अंग्रेजी में बात करने के लिए टिप्स बताया। उत्तम साहू ने छात्राओं को करियर गाइडलाइन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

छात्राओं को पढ़ाई के बाद स्वयं का रोजगार बनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए विभन्न टिप्स भी दिए साथ ही सोशल मिडिया का इस्तेमाल करके हम किस तरह बिजनेस की शुरूआत कर सकते है, उसकी जानकारी छात्रों की दी गई।

कार्यक्रम में मनोज कुमार गोटी, योगराज साहू, महेंद्र रजक, आरती मरकाम, रश्मि नाग, रीना बघेल, दीप्ति सोनी, माहेनूर सैयदा, अश्मना बघेल, गौरीशंकर बघेल सहित ऑफिस स्टाफ एंव छात्राएं उपस्थित रहे।

# कोविड जांच एवं उपचार की सुविधा को पुनः सुदृढ़ करने का निर्देश जारी

**कांकेर।** भारत के केरल एवं अन्य राज्यों में कोरोना के नए वेरिएंट वायरस (जेएन-1) का फैलाव होने के कारण आगामी नव-वर्ष एवं त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देश का जिले के समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में पालन किए जाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के द्वारा कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम एवं प्रबंधन हेतु भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देश का जिले के समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में पालन किए जाने हेतु निर्देश के तहत जिले के समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में कोविड-19 जांच एवं उपचार की सुविधा को पुनः सुदृढ़ किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है तथा सभी विकासखण्ड को कोविड-19 के दैनिक जांच हेतु पत्र के माध्यम से लक्ष्य जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कोविड बीमारी राज्य में नियंत्रण में है तथा अनावश्यक घबराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु सावधानी बरतना आवश्यक है। पूर्व में जारी कोविड संबंधी दिशा-निर्देशों तथा कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे मास्क लगाना, साबुन से हाथ धोना, सेनिटाइजर का उपयोग करना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना, संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखना इत्यादि नियमों का पालन करें। साथ ही सर्दी, खांसी, बुखार या श्वांस में तकलीफ होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज कांकेर में उपस्थित होकर जांच एवं उपचार कराने के लिए उनके द्वारा आग्रह किया गया है।

# पोटगांव में गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

गुरु घासीदास की 267 वी जंयती ग्राम पोटगांव में सतनामी समाज ने धूमधाम से भाजपा के जिला अध्यक्ष सतीश लाटिया के मुख्य आतिथ्यि, विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक, महामंत्री भाजपा मंडल धनेलीकन्हार लोकेश्वर सेन, डाकेश साहू , जनपद सदस्य रेशमा केशरी , काग्रेस नेता जनकनंदन कश्यप और अमृत लाल मौर्य के आतिथ्यि में हुआ।

सामाजिकजनों ने डीजे के धुन साथ गुरु घासीदास जी की शोभा यात्रा निकाली गई, जो पूरे ग्राम का भ्रमण कर वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुँची जंहा पर अतिथीयो के साथ जैत खम्बे व गुरु घासीदास के छायाचित्र की पुजा कर ध्वज लगाया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में समाजजनो ने अतिथीयो का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गुरु घासीदास के बताए हुए मार्ग पर चलने से सर्व समाज का उत्थान होना निश्चित है। उनके बताए मार्ग पशु पक्षियों की रक्षा करना, नशा न करना, सत्य के मार्ग पर चलना, बलि प्रथा का विरोध करना महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर डां. एसआर बंजारे, राधेलाल केशरी, रोहित लहरे, छेदुराम भेदोरिया, केशुराम जागडे, माखन भदोरिया, दिलीप राजपूत, मधुसुदन साहू, दयाराम आरदे, लालदास साहू उपस्थित रहे।

# आनंद मेले में व्यंजन और गणित प्रदर्शनी में विज्ञान माडलों की धूम

**कांकेर।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला चिवरांज में गणित व विज्ञान मेला का आयोजन 20 दिसंबर को किया गया। मेला के दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल का निर्माण कर प्रस्तुतिकरण किया गया। योजित कार्यक्रम में विभिन्न बच्चों द्वारा आनंद मेला के तहत बहुत सारी सामग्रियों का निर्माण किया गया।

बच्चों द्वारा जो मॉडल का निर्माण किया गया वह पूरा कबाड़ से जुगाड़ पर आधारित था। थर्मस, वर्षा मापी यंत्र, सौलर बल्व, अद्भुत कैलेंडर, अनंतपथ, क्लीन सिटी, चंद्रयान, हमें आपके उम्र व नाम पता है, मच्छर का जीवन चक्र, जल संरक्षण, कचरे का व्यवस्थापन, मानव शरीर, शब्दों का खेल, विलोम वृक्ष, जल संसार, टेलीफोन का मॉडल, डे ऑफ द वीक, खुशहाल और निराश जीवन, तरह-तरह का बादल, वृत का परिवार, अनुमापन और उसके प्रकार, जादुई हाथ, तोल-मोल के बोल, परिमाण की अवधारणा आदि मॉडल का निर्माण किया गया। सभी बच्चों में इस मेला का लेकर विशेष उत्साह दिख रहा था। मेले में शिक्षकों, बच्चों और ग्रामवासी ने सभी मॉडल का सराहना किया तथा बच्चों द्वारा आनंद मेले में गुपचुप, चाट, इडली, अंकुरित चना, भजिया, गाजर का हलवा, आलू भजिया, गुलगुल भजिया, पालक पकोड़ा, गुजिया, चना चटपटी, भेल, चिप्स, सूजी का हलवा आदि बनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच ज्योति कचलाम, विशेष अतिथि दिनेश बोरसे, एचआर सोनेवरा, पवन कुमार जैन, तिलक राम साहू, हितेंद्र सिंह ठाकुर, सुनीता सोन, धनुप्रिया मरकाम, सविता पटेल, कलाबाई मंडावी, चंदन राम मंडावी, सुमित मंडावी, रामबाई ध्रुवा, उर्मिला नेताम, सोनीबाई, मनीषा मंडावी, श्यामा मंडावी, पुनुराम कावड़े व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# अक्षत कलश शोभायात्रा का किया भव्य स्वागत

**धनेलीकन्हार।** अयोध्या से आए पूज्य अक्षत कलश का ग्राम तेलावट में भव्य स्वागत शोभायात्रा निकाली गई। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होना है। पूज्य अक्षत कलश धनेली कन्हार से डीजे की धुन, बाइक रैली में श्री राम के जयकारे के साथ तेलावट ले गए। तेलावट ग्राम के प्रवेश द्वार में माताओं बहनों द्वारा पूजा,आरती करके पूरे गांव में शोभा यात्रा निकाली गई, जिसका स्वागत ग्राम के अलग अलग जगहों में किया गया। तेलावट में स्वागत कार्यक्रम में पारस टावरी, नम्मू खरे, रविशंकर जैन, अंकित टावरी, शिवम यादव, चंद्रशेखर साहू, दिलेश्वर हिरवानी, हर्ष चुरेंद्र, नितेश सलाम, कुम्बज हिरवानी, मोहित टावरी, मोहन साहू, संजय कोरेटी, जागेश्वर, नोहर कुलदीप, मुकेश साहु, देवकरण, उमेश साहु, पूरंदर सिन्हा, गोविंद यादव, दुर्गेश, बंशी धनकर, संतोष जैन, ओमू साहु, जितेंद्र हिरवानी सहित माता, बहने शामिल हुई ।



### अभ्यर्थी 26 तक कर सकते हैं निर्वाचन व्यय लेखा का समाधान

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 परिणाम घोषणा के 26वें दिन बैठक आहूत किया जाना है, उक्त संदर्भित पत्र में दिये निर्देशानुसार 29 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक आयोजित की गयी है। उक्त बैठक अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन व्यय की न्यूनेकता राशि यदि कोई है का लेखा समाधान करने का एक अवसर दिया जाएगा, साथ ही 26 दिसम्बर 2023 तक अभ्यर्थी अपना व्यय लेखा जिला पंचायत कार्यालय जगदलपुर में निर्वाचन व्यय लेखा सेल में दाखिल कर सकते हैं।







